छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

शंकर नगर रोड, भगत सिंह चौक, रायपुर (छ.ग.)

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019 के आयोजन के लिए ऑनलाइन फार्म भरने से संबंधित सूचना

विज्ञापन क्रमांक 07/2019/परीक्षा/दिनांक 23.11.2019

क्रमांक 4464/08/परीक्षा/2020 रायपुर, दिनांक 25.01.2021

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019

ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि – 27.01.2021 से 05.02.2021
ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि – 07.02.2021 से 08.02.2021

01. विज्ञापन क्रमांक 07/2019/परीक्षा/दिनांक 23.11.2019 शुद्धि पत्र क्रमांक 13/2019/परीक्षा/दिनांक 31.12.2019 तथा शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2020/परीक्षा/ दिनांक 03.02.2020 के द्वारा राज्य सेवा परीक्षा–2019 के माध्यम से कुल 242 पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 09/02/2020 को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2019 का आयोजन प्रदेश के 16 जिला मुख्यालयों में किया गया था।

02. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा **दिनांक 27.01.2021 (दोपहर 12:00 बजे) से 05.02.2021 (रात्रि 11:59 बजे)** तक www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। **दिनांक 07.02.2021 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 08.02.2021 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे।** इस हेतु पोर्टल शुल्क रुपये 30/– + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा। आवेदक केवल एक बार ही त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक **08.02.2021** के बाद किसी भी त्रुटि का सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जा सकेगा। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2019 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी **"परिशिष्ट–एक"** पर संलग्न है।)

03. आवेदन करने हेतु आवेदक अपने घर पर उपलब्ध इंटरनेट अथवा किसी भी प्रकार के सायबर कैफे से भी क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या भारतीय स्टेट बैंक के इंटरनेट बैंकिग खाते के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व आवेदक अद्यतन फोटो सह हस्ताक्षर की एक स्केन प्रति तैयार रखें।

04. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019 हेतु निम्नानुसार आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा:–

छत्तीसगढ़ राज्य के अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तजन श्रेणी के आवेदकों हेतु	रुपये 300/–
छत्तीसगढ़ अनारक्षित तथा छत्तीसगढ़ राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के मूल निवासी आवेदकों हेतु	रुपये 400/–
उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त आवेदकों को पोर्टल शुल्क रुपये 30/– + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा	

उपरोक्त आवेदन एवं परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रुप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।

05. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम राज्य सेवा परीक्षा–2019 के विस्तृत विज्ञापन जो रोजगार और नियोजन के दिनांक 27/11/2019 के अंक में प्रकाशित किया गया है, सविस्तार उल्लेखित है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके ही ऑनलाइन आवेदन करें।

06. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019 की समय–सारिणी उपलब्ध रहेगी।

25/01/2021

सचिव
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
रायपुर